# तन्वी शर्मा ने रचा इतिहास

## 17 साल बाद मेडल पक्का करने वाली पहली भारतीय महिला!

**तन्वी शर्मा ने साकी मात्सुमोतो को हराया**

**16 वर्षीय तन्वी ने लियू सी या का सामना किया**



**गुवाहाटी ( असम ). भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप्स 225 में इतिहास रच दिया है। 17 साल में वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में मेडल पक्का करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। शुक्रवार को हुए लड़कियों के एकल क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तन्वी ने जापान की साकी मात्सुमोतो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।**

बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (BAI) की एक विज्ञप्ति के अनुसार, 16 वर्षीय तन्वी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मात्सुमोतो को 13-15, 15-9, 15-10 से हराया। 47 मिनट तक चला यह रोमांचक मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद तनावपूर्ण रहा, लेकिन तन्वी ने दबाव में संयम बनाए रखा और अपने क्रॉस-कोर्ट स्लाइस हिट्स से शानदार विनर्स हासिल किए. वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप्स के इतिहास में साइना नेहवाल (2008 में स्वर्ण, 2006 में रजत) और अपर्णा पोपट (1996 में रजत) के अलावा कोई भी भारतीय महिला खिलाड़ी पोडियम पर जगह नहीं बना पाई थी। अब तन्वी शर्मा ने कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है.

शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने इसी साल बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप्स में भी कांस्य पदक जीता था.

सेमीफाइनल में चीन की लियू सी या से मुकाबला, मात्सुमोतो पर जीत के बाद तन्वी शर्मा ने कहा, मात्सुमोतो के खिलाफ खेलना मुश्किल है क्योंकि वह गेम को धीमा कर देती है। इसलिए, मैं जानती थी कि मुझे आक्रामक होना होगा। मुझे खुशी है कि मैंने मेडल सुनिश्चित कर लिया है। सेमीफाइनल में तन्वी का मुकाबला चीन की लियू सी या से होगा, जिन्होंने दूसरे क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका की रनिथमा लियानेज को 15-9, 15-6 से हराया।

### भारत को अन्य वर्गों में निराशा

लड़कियों के एकल में भारत की एक और मेडल की उम्मीदें तब टूट गईं जब आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा को दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की अन्यापत पिचिटप्रीचासक से 15-12, 15-13 से हार का सामना करना पड़ा। लड़कों के एकल क्वार्टर फाइनल में ज्ञाना दत्तू भी चीन के लियू यांग मिंग यू (तीसरी वरीयता प्राप्त) के खिलाफ 15-11, 15-13 से हार गए। मिश्रित युगल में भी भव्या छाबड़ा और विशाखा टोप्पो की जोड़ी चीनी ताइपे के हंग बिंग फू और चाउ युन एन से 15-9, 15-7 से हारकर बाहर हो गई.

# रोमांचक जीत : पाओलिनी ने बेंचिच को हराया



**निंगबो ( चीन )- इटली की दूसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने निंगबो ओपन के क्वार्टर फ़ाइनल में बेलिंडा बेंचिच को तीन घंटे से भी लंबे मैराथन मुकाबले में हराकर डब्ल्यूटीए फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को ज़िंदा रखा है**

शुक्रवार को हुए इस क्वार्टर फ़ाइनल मुकाबले में पाओलिनी ने स्विट्ज़रलैंड की टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेंचिच को 5-7, 7-5, 6-3 से हराया. डब्ल्यूटीए 500 हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में बेंचिच के खिलाफ पाओलिनी का यह मुकाबला इस सीज़न का उनका सबसे लंबा मैच रहा, जो 3 घंटे 22 मिनट तक चला। पिछले साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन की उपविजेता रहीं पाओलिनी ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे द्वारा खेले गए सबसे कठिन मैचों में से एक था. मैच के दूसरे सेट में बेंचिच 5-4 से आगे थीं और मैच के लिए सर्विस कर रही थीं, लेकिन वह इसे खत्म नहीं कर पाईं.

### जतिन पांडे और साहिल राज ने तमिलनाडु को झकझोरा

**कोयंबटूर.** जतिन पांडे (पांच विकेट) और साहिल राज (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर झारखंड ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में तीसरे दिन शुक्रवार को तमिलनाडु को पहली पारी में 93 रनों पर समेटने के बाद दूसरी पारी में भी स्टंप के समय 44 रन पर उसके दो विकेट झटक कर जीत की ओर कदम बढ़ा दिया है. तमिलनाडु ने कल 18 रन पर पांच विकेट से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में तमिलनाडु का छठा विकेट शाहरुख खान (पांच) के रूप में गिरा। इसके बाद अमब्रिश (28), जेगनाथन हेमचूडेशन (14), गुरजपनीत सिंह (12) और डीटी चंद्रशेखर नौ रन बनाकर आउट हुये.

# रिटायरमेंट का कोई इरादा नहीं



**रियाद.** 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का अभी संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। 38 वर्षीय जोकोविच ने कहा कि वह एनबीए स्टार लेब्रोन जेम्स, पूर्व एनएफएल खिलाड़ी टॉम ब्रैडी और फुटबॉल के दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे एथलीटों से प्रेरणा लेकर खेलना जारी रखना चाहते हैं। रियाद में जॉय फोरम में बोलते हुए जोकोविच ने कहा, लंबी उम्र मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणाओं में से एक है। मैं वास्तव में देखना चाहता हूँ कि मैं कितनी दूर तक जा सकता हूँ। दुनिया के 5वें नंबर के इस खिलाड़ी ने बताया कि वह खेल में आ रहे बदलावों का भी हिस्सा बने रहना चाहते हैं और टेनिस को पुनर्जीवित करने की नई पहल में योगदान देना चाहते हैं। जब जोकोविच से पूछा गया कि क्या सिनर और अल्कराज जैसे युवा खिलाड़ी उन्हें हराकर संन्यास लेने के लिए मजबूर करेंगे, तो उन्होंने आत्मविश्वास से जवाब दिया- मुझे उन्हें निराश करने का अफ़सोस है, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला। इस साल सभी चार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले जोकोविच ने जिनेवा में अपना 100वाँ करियर खिताब भी जीता था।



# शुभमन गिल के निशाने पर 3000 ODI रन

**पर्थ ( ऑस्ट्रेलिया ). भारतीय टीम के नए वनडे कप्तान शुभमन गिल एक और बड़े मील के पत्थर की ओर बढ़ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार से पर्थ में शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में वह टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।**

यह स्टाइलिश दाएं हाथ का बल्लेबाज वन-डे इंटरनेशनल (ODI) में 3,000 रन पूरे करने से सिर्फ 225 रन दूर है. यह सीरीज रोहित शर्मा की जगह लेने के बाद ODI कप्तान के रूप में गिल का पहला असाइनमेंट होगा। भारत इस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन ODI और पांच T20I मैच खेलेगा। 26 वर्षीय गिल अपनी कप्तानी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण चरण में हैं। वह एक तरफ भारत के नए ODI कप्तान के रूप में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे, वहीं दूसरी ओर बल्ले से अपने लगातार प्रदर्शन को भी जारी रखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गिल का रिकॉर्ड- गिल ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ ODI मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 35 के औसत से 280 रन बनाए हैं।

### बैडमिंटन : भार्गव-विश्वा क्वार्टर फाइनल में

गुवाहाटी। भारत की उभरती पुरुष डबल्स जोड़ी, भार्गव राम अरिगेला और विश्वा तेज गोब्बुरु ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। आंध्र प्रदेश के इन दोनों युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2018 के बाद इस चरण में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी बनने का गौरव हासिल किया है। गुरुवार को गुवाहाटी के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ह्रष्टश्व) में प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भार्गव और विश्वा ने चीनी ताइपेई की यी ह्सुआन चेन और चुन येन चू को एक रोमांचक संघर्ष में 13-15, 15-9, 15-13 से मात दी. मैच के बाद, विश्वा ने कहा कि पहले गेम में बड़ी बढ़त कवर करने के बाद उनमें वो फील आ गया था और उन्हें जीत का विश्वास हो गया था। कोच इवान सोज़ोनोव (रूस) की रणनीति इस जीत में निर्णायक साबित हुई। विश्वा ने बताया कि कोच ने उन्हें ड्राइव्स से बचकर गति को नियंत्रित करने और धीरे से रिटर्न देने को कहा, जिससे प्रतिद्वंद्वी गलती करें।पिछले साल नानचांग में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद, भार्गव और विश्वा ने अपनी ताकत, फुर्ती और स्पीड पर काम किया है।

# ओसाका चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से हटीं



**ओसाका (जापान).** जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस स्टार नाओमी ओसाका बाईं टांग की चोट के कारण शुक्रवार को जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल मैच से हट गईं। उनके इस फैसले के कारण रोमानिया की जैक्लीन क्रिस्टियन को वॉकओवर मिल गया और वह सीधे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुँच गईं. डब्ल्यूटीए टूर ने पुष्टि की कि टूर्नामेंट आयोजकों के अनुसार, ओसाका अपनी पिछली दौर की मैच में लगी चोट से उबर नहीं पाई हैं। यह क्रिस्टियन का साल का तीसरा सेमीफाइनल होगा, और क्ले कोर्ट के अलावा किसी अन्य सतह पर यह उनकी पहली सेमीफाइनल उपस्थिति है।

### लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

**ओडेंसे.** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए स्थानीय स्टार और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को सीधे गेमों में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है. दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने दूसरे वरीयता प्राप्त डेनिश खिलाड़ी को दूसरे दौर के मुकाबले में 21-13, 21-14 से हराया। यह मैच 53 मिनट तक चला. स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। छठी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के ली झे-हुई और यांग पो-हसुआन को 21-19, 21-17 से हराकर जीत दर्ज की.

### कप्तान रजत पाटीदार का दोहरा शतक!

**इंदौर.** रणजी ट्रॉफी 2025-26 के मुकाबले में मध्य प्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार ने पंजाब के खिलाफ खेलते हुए अपने फर्स्ट क्लास करियर का पहला दोहरा शतक जड़ दिया है।इंदौर में शुक्रवार को खेले जा रहे इस मैच में पाटीदार ने अपनी टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकालते हुए यह ऐतिहासिक स्कोर बनाया।हाल ही में मध्य प्रदेश के कप्तान नियुक्त किए गए पाटीदार ने अपनी पारी की 328वीं गेंद पर यह मील का पत्थर हासिल किया। इस दोहरे शतक के साथ, उन्होंने अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ फर्स्ट क्लास स्कोर 196 रन (जो उन्होंने 2018 रणजी सीजन में तमिलनाडु के खिलाफ बनाया था) को पीछे छोड़ दिया.


**AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)**

**REQUEST FOR PROPOSAL**

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following :

| Sr. No. | Title and Tender ID No. | Bid Due Date |
|---|---|---|
| 1 | Selection of Agency to Study, Design, Develop, Operate, Manage and Maintain Integrated Smart Parking Management System at Chhatrapati Sambhajinagar on PPP Basis [2025_ASCDC_1231991_1] | 07 Nov. 2025 5:00 PM |
| 2 | Supply of Soil [2025_ASCDC_1232167_1] | 24 Oct. 2025 6:30 PM |
| 3 | CC Rigid Pavemen Work [2025_ASCDC_1232115_1] | 24 Oct. 2025 4:00 PM |

The tender documents can be downloaded from http://mahatenders.gov.in

Sd/-

**Chief Executive Officer**

Aurangabad Smart City Development Corporation Limited Aurangabad

**M.P. PASCHIM KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**

GPH Compound, Pologround, Indore, CIN-U40109MP2002SGC015121

Ph. No. : 0731-2426144, 2426166, 2426201, 2426150, E-mail : sepurchase06@gmail.com

No. MD/WZ/06/PUR/NIT-323/16806 Indore, Dated : 17.10.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

(A) Online tenders are invited for following Turnkey Contract as per Tender Specifications :-

| TS No. | Name of Work | Estimated Cost (inclusive of GST in Rs. Lakhs) | Online tender Opening Date | Pre Bid Meeting Date |
|---|---|---|---|---|
| 1927 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of 33/11 kV New GIS Substation (1X10 MVA & 1X8 MVA) with associated 33 kV & 11 kV Lines at Chardham in City Dn. West, Ujjain along with AMC of 5 years under Simhasth Fund in MPPKVVCL Indore. | 955.00 | 07.11.2025 | 28.10.2025 |

(B) Online tenders are invited for procurement of following material as per Tender Specifications:-

| TS No. | Name of Work | Tender Qty. | Online Tender Opening Date | Pre Bid Meeting Date |
|---|---|---|---|---|
| 1928 | 11 & 33 KV Metering equipment of 0.5s accuracy class | 487 No. | 14.11.2025 | 03.11.2025 |
| 1929 | Single core 95 Sqmm XLPE Un-Armoured Cable | 30 Km. | 14.11.2025 | N/A |

For further detailed information visit Website **http://www.mpwz.co.in** or **https://www.mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/122634/2025 **CHIEF ENGINEER (PURCHASE)**

**सोलापूर महानगरपालिका सोलापूर**

पत्ता- इंद्रभुवन, पुण्यश्लोक अप्पासाहेब वारद पथ, रेल्वेलाईन्स, सोलापूर ४१३००१

नगर अभियंता कार्यालय, शहर सुधारणा विभाग

**City Engineer**

**Notice for Tender**

**Proposed Administrative Building (ICCC) PHASE II**

City Engineer Solapur Municipal Corporation to participate in competitive bidding from and renowned process experienced companies/contractors Proposed Administrative Building (ICCC) PHASE II Requesting proposals for.

Interested bidders may contact the Government of Maharashtra for detailed tender documents http//:www.Mahatenders.gov.in/tenders Or WWW.Solapurcorporation.gov.in Visit this website for information. Tenders should be submitted online and the last date for submission is 30/10/2025 at 1.00 PM and pre-bid meeting is 24/10/2025.

**Tender-ID-** 2025_SMC_1231006_1

**M.P. POWER MANAGEMENT CO. LTD.**

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL) DN-I, Rampur-Jabalpur

**TENDER INVITATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender No. | 2025_MPPMC_458199_1 |
| 2. | Tender Specification No. | EE/C/I/1091 |
| 3. | Tender Type/Mode of Tender | Double Envelope/E-Tendering |
| 4. | Tender for | Widening of road in front of Shed No. 9 and Chain link mesh fencing above boundary wall at Jyoti club at Rampur MPPMCL Jabalpur. |
| 5. | Bids Submission Last Date & Time | 30-Oct-2025 15:00:00 |
| 6. | Tender Opening Date and Time | 31-Oct-2025 15:30:00 |
| 7. | Bid Fee (INR) | Rs. 590/- (with GST) |
| 8. | Earnest Money (INR) | Rs. 8,500/- |
| 9. | Eligibility of Contractor- | Registered in MPPMCL in E-1 or above category or having experience as per bid data sheet. |
| 10. | Tender Forms Available at Website | **www.mptenders.com** |
| 11. | Contract No. for any other details required. | 0761-2702833/2702888 |

**Note** : The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on M.P. Tenders Site.

M.P. Madhyam/122616/2025 **EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL)**

**Computer Proficiency Certification Test**

**Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited**

**Exam Registration Opens**

**MPSEDC/CPCT/Exam/2025/**

**"म.प्र. शासन द्वारा सरकारी रोज़गार हेतु आवश्यक CPCT स्कोर कार्ड"**

राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कम्प्यूटर दक्षता/कौशल प्रमाणीकरण हेतु **संविदा/नियमित नियुक्तियों** के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार (CPCT पोर्टल पर उपलब्ध) सूचना प्रौद्योगिकी/कम्प्यूटर क्षेत्र में कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) का स्कोर कार्ड प्राप्त करना अनिवार्य है।

**परीक्षा तिथि : 21-22 एवं 23 नवम्बर 2025** | **पंजीयन तिथि : 18 अक्टूबर 2025 से 01 नवम्बर 2025 तक**

**आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि : 04 नवम्बर 2025 से 06 नवम्बर 2025**

- CPCT परीक्षा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, सतना में आयोजित की जाएगी।
- CPCT नियम पुस्तिका में आवेदन फॉर्म में सुधार हेतु नियम उपलब्ध कराए गए हैं।
- CPCT नियम पुस्तिका में नि:शक्तजनों से संबंधित नियम उपलब्ध कराये गए हैं तथा लेखक की सुविधा हेतु आवेदन का प्रारूप CPCT पोर्टल पर उपलब्ध है।
- CPCT परीक्षा सम्बन्धी समस्त जानकारी/विवरण एवं नियम पुस्तिका तथा आगामी परीक्षाओं का प्रस्तावित कैलेंडर CPCT पोर्टल **(www.cpct.mp.gov.in)** पर उपलब्ध है।
- मूल (Original) फोटोयुक्त पहचान पत्र लाने पर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।
- अभ्यर्थी को दोनों अनुभाग (कम्प्यूटर एवं टाइपिंग) में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

परीक्षा एवं पंजीयन की सुविधा अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में उपलब्ध होगी। आवेदकों को परीक्षा के लिए **आवेदन ऑनलाइन ही भरने होंगे।** आवेदक अपना पंजीयन MP-Online के Kiosks से भी कर सकते हैं।

**मुख्य महाप्रबंधक**

**मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (MPSeDC)**

म.प्र. माध्यम/122614/2025 **स्टेट आई टी सेंटर, 47-A, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011**

**Note : MPSeDC द्वारा प्रदेश में किसी भी संस्था को CPCT प्रशिक्षण हेतु अधिकृत नहीं किया गया है।**

**कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

**टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002**

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

**संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत प्रवेश**

**(Institutional Preference Seats)**

**सत्र 2025-26**

संस्थागत प्राथमिकता सीटों (Institutional Preference Seats) के लिये काउंसलिंग उन संस्थानों में आयोजित होगी, जिन्होंने इन सीटों के लिये सहमति पत्र के साथ आवेदन किया था। संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत PCI द्वारा स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 10 प्रतिशत स्थानों तक ही प्रवेश की कार्यवाही निम्न समय सारणी अनुसार की जावेगी।

| पाठ्यक्रम | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | काउंसलिंग तिथि |
|---|---|---|
| बैचलर ऑफ फार्मेसी एवं डिप्लोमा ऑफ फार्मेसी (Bachelor of Pharmacy and Diploma of Pharmacy) | 18.10.2025 से 22.10.2025 सायं 5:30 बजे तक | दिनांक 22.10.2025 रात्रि 11:45 तक |
| | 28.10.2025 से 30.10.2025 सायं 5:30 बजे तक | दिनांक 30.10.2025 रात्रि 11:45 तक |

- संस्थागत प्राथमिकता सीटों पर प्रवेश के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात, उम्मीदवार को इच्छित संस्था में स्वयं उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही करनी होगी।
- संस्थागत प्राथमिकता सीटों के लिये उपलब्ध संस्थानों की सूची, प्रवेशित अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शिक्षण शुल्क की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- प्रवेश नियम, समय-सारणी, अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- काउंसलिंग वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है।
- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441**
- **ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/122613/2025 **अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**

motilal oswal Home Finance

रजि. कार्यालय: मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, सामने। परेल एसटी डिपो, प्रभादेवी, मुंबई-400 025, सीएस: 8291889898 वेबसाइट: www.motilaloswalhf.com, ईमेल: hfquery@motilaloswal.com

**कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति/संपत्तियों के लिए)**

**(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (औपचारिक रूप से एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित दिनांक का डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नीचे उल्लिखित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। निम्नलिखित उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसके द्वारा निम्नलिखित उधारकताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लिखित तिथि को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा ले लिया है।

| स. क्र. | ऋण अनुबंध संख्या / नाम उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/ गारंटर का | मांग सूचना की तिथि और बकाया | कब्जा प्राप्ति की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति का वह अभिन्न अंग जिसमें शामिल हैं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LXJAB00315-160017781 / उधारकर्ता:- राकेश कुमार शंकर लाल सोंधिया/सह-उधारकर्ता: आरती राकेश सोंधिया | 06-02-2025/ के लिए रु. 999554/- | 15-10-2025 | पी एच नं. 55 Kh नं. 328/3 आरएनएम महाराजपुर मौजा रिछाई 0 0 482001 जबलपुर, जबलपुर मध्य प्रदेश |

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

**स्थान: मध्य प्रदेश**

**दिनांक: 18.10.2025**

अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**